हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 15 अप्रैल 2025

11 गांव जलालआना में पुलिस ने करवाई दौड़ प्रतियोगिता...

12 भोड़ियाखेड़ा में मनाई डॉ. अम्बेडकर जयंती...

खबर संक्षेप

सिविल पेंशनर्स ने बैठक में जताया रोष

फतेहाबाद। हरियाणा सिविल पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में बाल भवन फतेहाबाद में सम्पन्न हुई। सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि बैठक में सदस्यों राजेन्द्र ललित, रिशीराज शर्मा, एनसी वधवा सहित सदस्यों ने अपने विचार रखे तथा सभी ने सरकार द्वारा निम्न लिखित मांगे न मानने पर रोष प्रकट किया।

शिविर में 223 रोगियों की हुई जांच

सिरसा। श्री हनुमंत चेरिटेबल अस्पताल में नेत्र जांच व आपरेशन का 267वां निशुल्क शिविर लगाया गया। मुख्य परियोजना संयोजक सुमन मित्तल ने बताया कि जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से आयोजित शिविर में सहयोगी संस्था के रूप में लायंस क्लब सिरसा के पदाधिकारी मौजूद थे। कैंप में नेत्र रोग विशेषज्ञ व प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. प्रवीण अरोड़ा तथा डॉ. महिप बंसल ने अपनी टीम व सहयोगियों के साथ 223 नेत्र रोगियों की जांच की।

कांग्रेस भवन में मनाई बाबा साहेब की जयंती

सिरसा। संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती स्थानीय कांग्रेस भवन में मनाई गई। जिला कांग्रेस के सचिव संगीत कुमार ने कहा कि बाबा साहेब ने जहां देश को संविधान देकर कानून का शासन प्रदान किया, वहीं समाज के वंचितों को शिक्षा ग्रहण करने का संदेश देकर उनको आगे बढने की प्रेरणा दी। संगीत कुमार ने कहा कि यह बाबा साहेब की प्रेरणा का परिणाम है कि आज वंचित तबकों के भी लोग भी पढ़ लिखकर शासन प्रशासन व समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

पुलिस ने हेरोइन सहित युवक दबोचा

कालांवाली। सीआईए कालांवाली पुलिस ने गश्त के दौरान गांव कालांवाली से एक युवक को 15.16 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सब इंस्पेक्टर कुलवीर सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान गांव कालांवाली प्रजापति चौपाल के पास खड़े थे। इस दौरान विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली कि गांव कालांवाली में एक युवक नशीला पदार्थ का काम करता है।

रेलवे स्टेशन पर लंगर का किया आयोजन

सिरसा। स्वामी अचलानंद गिरि की स्मृति में सिरसा रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंदों व यात्रियों के लिए लंगर लगाया गया। सुमन मित्तल ने बताया कि भंडारे का आयोजन श्रद्धालुओं द्वारा आपसी सहयोग से किया गया। उन्होंने कहा कि सभी को अपने गुरुजनों व बुजुर्गों की स्मृति में समय-समय पर सेवा कार्य जरूर करते रहना चाहिए। भंडारे से पहले स्वामी जी के जयकारे के साथ सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की गई।

बकरी चुराने के दो आरोपी गिरफ्तार

डबवाली। सदर थाना डबवाली व सिंहपुरा चौकी पुलिस की संयुक्त टीम ने भाखड़ा नहर से बकरियों के झुंड से दो बकरियां चोरी करने के दो आरोपियों को काबू किया है। सदर थाना डबवाली प्रभारी ब्रहम प्रकाश ने बताया कि राजेंद्र कुमार निवासी खुईया मलकाना ने शिकायत दी कि उसका पिता भाखड़ा नहर के किनारे पर अपनी बकरियों को चरा रहा था। उसी दौरान एक कार आई और उसमे से तीन/चार व्यकित निकले और बकरियों के झुंड में से दो बकरियां चुराकर भाग जाने पर मामला दर्ज किया गया था। पुलिस आरोपियों को ने पजांब में मेले से चोरीशुदा बकरियों सहित काबू किया गया।

3 लाख 95 हजार 629 हेक्टेयर भूमि में गेहूं की बिजाई

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

मार्च मास से अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक तापमान में गिरावट आने से इस बार गेहूं की फसल का बम्पर उत्पादन हो रहा है। दरअसल, पश्चिमी विक्षोभ इस बार जिले के लिए फायदेमंद साबित हुआ है। समय-समय पर बादलवाई व बूंदाबांदी का मौसम गेहूं की फसल के लिए अनुकूल रहा। यही वजह रही कि गेहूं के दाने में बढ़वार हुई और झाड़ अच्छा निकल रहा है। एक अनुमान के अनुसार इस बार जिले में बीते वर्ष से 15 से 20 फीसदी गेहूं का अधिक उत्पादन होगा। कृषि विशेषज्ञ व प्रगतिशील किसान इसकी पुष्टि कर रहे हैं।

फायदेमंद रहा पश्चिमी विक्षोभ का बार-बार एक्टिव होना, बंपर रहेगा गेहूं उत्पादन, बीते वर्ष से 15-20 प्रतिशत होगी बढ़ोतरी

इस बार खरीद साढ़े 7 लाख मीट्रिक टन पार करने की जताई उम्मीद

फसल के अनुकूल रहा मौसम

इस बार जिले में 3 लाख 95 हजार 629 हैक्टेयर भूमि में गेहूं की बिजाई हुई थी। बिजाई के समय से लेकर फरवरी तक बिलकुल ही बारिश नहीं हुई, जोकि 14 वर्षों का रिकार्ड रहा है। बारिश न होने से कृषि विशेषज्ञ व किसान इस बात को लेकर भयभीत थे कि गेहूं की फसल का गणित इस बार गड़बड़ा जाएगा। मार्च मास में कई बार पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हुए और बूंदाबांदी व बादलवाई से मौसम में गिरावट आई। मार्च मास में इस बार अधिकतम तापमान 28 से 30 डिग्री के बीच रहा, जबकि बीते वर्ष यह 36 से 38 डिग्री तक था। यह मौसम गेहूं की फसल के लिए अनुकूल रहा। अगर तापमान बढ़ जाता तो गेहूं की फसल सूखने को तैयार थी। गेहूं को पकने का 40 दिन का समय मिल गया। यही कारण है कि पिछले साल से यहां अधिकांश गांवों में झाड़ अच्छा निकल रहा है। गांव नागपुर के किसान अरूण ग्रोवर के अनुसार उनका प्रति एकड़ औसत उत्पादन 60 मन रहता है। इस बार यह 66 मन से ऊपर ही निकल रहा है। अरूण का कहना है कि मार्च में मौसम ने किसानों का खूब साथ दिया। गांव सनियाना के रमेश आहूजा का कहना है कि उनके यहां करीब-करीब सभी किसानों की 40 मन प्रति एकड़ गेहूं की औसत आ रही है। जिसकी वजह उन्होंने बताई कि पहले पानी लगाते ही तेज अंधड़ से फसलें खेत में बिछ जाती थी। इस बार मौसम में नमी थी। न तो जमीन में अंतिम पानी लगाना पड़ा। हलकी-फुलकी हवा चली तो उसका फसल को कोई फर्क नहीं पड़ा। ऐसे ही गांव रत्ताखेड़ा में 62 मन, नागपुर में 66 मन व भट्टकलां के गांव मानावाली में 50 मन प्रति एकड़ औसत उत्पादन निकल रहा है।

फतेहाबाद। अनाज मण्डी में लगी गेहूं की ढेरियां।

बीते वर्ष से 10 मन प्रति एकड़ अधिक उत्पादन की संभावना

बीते वर्ष जिले में प्रति एकड़ 46 मन औसत उत्पादन रहा था। इस बार औसत उत्पादन 55 मन से अधिक रहने की संभावना है। बीते वर्ष जिले में खरीद एजेंसियों ने करीब 7 लाख एमटी गेहूं की खरीद की थी। अब ऐसी उम्मीद की जा रही है कि इस बार गेहूं की खरीद साढ़े 7 लाख एमटी को पार कर जाएगी।

पकने का मिला पूरा समय

बीते वर्ष मार्च मास में तापमान 36 डिग्री को पार कर गया था लेकिन अब बार मार्च में ठंडक रही, जिस कारण लेट वैरायटी व पछेती गेहूं को पकने का पूरा टाइम मिला। इसी कारण इस बार 5 से 7 मन गेहूं का उत्पादन प्रति एकड़ ज्यादा निकलेगा।
-राजेश सिहाग, डीडीए फतेहाबाद

फतेहाबाद में नहीं हुई ज्यादा बारिश

मार्च मास में जब पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ तो प्रदेश के सभी जिलों में बरसात, अंधड़ व ओलावृष्टि से गेहूं की फसल में खराबे आने के कारण किसान चिंतित थे। हालांकि फतेहाबाद में सिर्फ तीन गांवों में ओलावृष्टि हुई, बाकी गांवों में हलकी बारिश से गेहूं की फसल बिछी जरूर, लेकिन 2 दिन बाद ही मौसम साफ होने से गेहूं पहले जैसी हो गई। उसके बाद नमी रही तो उसका फायदा भी गेहूं उत्पादक किसानों को हुआ।

एसडीएम के आश्वासन के बाद फतेहाबाद में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू

पहले दिन एचडब्ल्यूसी ने खरीदा 5 हजार एमटी गेहूं

अनाज मंडी के हनुमान मंदिर में व्यापार मंडल व आढ़तियों की बैठक का आयोजन

अतिरिक्त अनाज मंडी व सरकारी गोदामों तक में लेबर भागने को तैयार, कैसे होगा उठान : प्रधान जगदीश भादू

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

एसडीएम राजेश कुमार के आश्वासन के बाद सोमवार को फतेहाबाद की मंडी में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो गई। पहले दिन हरियाणा वेयर हाऊस ने गेहूं की खरीद की। इससे पूर्व अनाज मण्डी के हनुमान मंदिर में व्यापार मंडल व आढ़तियों की बैठक हुई। बैठक में एसडीएम राजेश कुमार, डीएफएससी विनीत जैन, मार्किट कमेटी सचिव यशपाल मेहता विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में व्यापार मंडल के प्रधान जगदीश भादू ने डीएफएससी के खरीद न करने के नुकसान बताते हुए डीएफएससी से खरीद की मांग की। अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिलाया कि उन्होंने इस बारे ऊपर लिख रखा है और जल्द ही डीएफएससी मंडी में गेहूं की खरीद शुरू कर देगी। एसडीएम राजेश कुमार ने कहा कि सप्ताह में एक-दो दिन डीएफएससी खरीद करे, इसके लिए वह अपनी तरफ से पूरा प्रयास करेंगे। इसके बाद मंडी में एक नंबर गेट के सामने सभी अधिकारियों की मौजूदगी में वेयर हाऊस ने गेहूं की सरकारी खरीद शुरू की।

पहले दिन एचडब्ल्यूसी ने करीब 5 हजार एमटी गेहूं की खरीद की है। पिछले कई दिनों से आढ़ती यह कहकर गेहूं खरीद-बेच से इंकार कर रहे थे कि हैफेड व वेयर हाऊस खरीद करने के बाद उठान करने में सक्षम नहीं है। उनके पास इतना इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं है। गेहूं खरीद तो ली जाएगी लेकिन उठान के संसाधन इनके पास कम है। तब किसानों को कई-कई दिन मण्डियों में बैठना पड़ता है। आढ़ती दिन-रात घर छोडक़र मण्डी में पहरा देते हैं। व्यापार मंडल प्रधान जगदीश भादू ने कहा कि पिछले कई दिनों से लेबर हाथ पर हाथ रखे खाली बैठी है। अब लेबर ने धमकी दी है कि वह कब तक खाली बैठेंगे। अतिरिक्त अनाज मण्डी व सरकारी गोदामों तक में लेबर भागने को तैयार है। ऐसी स्थिति में गेहूं खरीदी तो उसका उठान कैसे होगा, यह बड़ा सवाल है। बाद में एसडीएम राजेश कुमार ने आश्वासन दिया कि वह इस बारे चण्डीगढ़ में उच्चाधिकारियों से बातचीत कर कोई न कोई पॉजिटिव रास्ता निकालेंगे।

उन्होंने कहा कि वह व्यापारियों की समस्या भली-भांति जानते हैं। इस पर जगदीश भादू ने अधिकारियों को एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि आज भले ही वह खरीद शुरू कर रहे हैं लेकिन अगर एक सप्ताह में डीएफएससी ने खरीद शुरू नहीं की तो वह फिर धरने पर बैठ जाएंगे। इसके बाद हरियाणा वेयर हाऊस के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर गेहूं की खरीद शुरू की।

फतेहाबाद। अधिकारियों की आढ़तियों की परेशानियों से अवगत करवाते व्यापार मंडल प्रधान जगदीश भादू व मण्डी में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू करवाते एसडीएम, साथ हैं मंडी प्रधान व आढ़ती। फोटो: हरिभूमि

डीएफएससी से पूछा: व्यापारियों से क्या है दुश्मनी

हनुमान मंदिर में आढ़तियों की भरी बैठक के बीच जब एसडीएम, डीएफएससी और मार्किट कमेटी सचिव पहुंचे तो सबसे पहले व्यापार मंडल के प्रधान जगदीश भादू ने डीएफएससी खरीद एजेंसी की खरीद न होने देने का सारा दोष डीएफएससी विनीत जैन पर मढ़ा। जगदीश भादू ने इतना तक कहा कि एसडीएम उन्हें हर कदम पर सहयोग करते आए है लेकिन डीएफएससी का रवैया आढ़तियों के प्रति नेगेटिव रहा है। डीएफएससी विनीत जैन थोड़ा प्रयास करते तो फतेहाबाद की मण्डी डीएफएससी एजेंसी गेहूं खरीद कर सकती। उन्होंने विनीत जैन से सवाल किया तो उनकी व्यापारियों से क्या दुश्मनी है, व्यापारियों ने उनका क्या खा लिया? हालांकि इस दौरान डीएफएससी हाथ जोडक़र मुस्कुराते रहे और बोले कि वह अब भी खरीद के लिए प्रयासरत हैं।

फतेहाबाद। डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते नगरपरिषद प्रधान राजेन्द्र खिंची। फोटो: हरिभूमि

नप ने धूमधाम से मनाई भीमराव अंबेडकर जयंती

- लालबत्ती चौक स्थित डॉ.भीमराव अंबेडकर पार्क में समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

नगर परिषद प्रशासन ने सोमवार को लालबत्ती चौक स्थित डॉ.भीमराव अंबेडकर पार्क में जयंति समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर परिषद प्रधान राजेंद्र सिंह खिंची ने पार्षदों और कर्मचारियों के साथ मिलकर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके श्रद्वांजलि दी।

इस दौरान प्रधान राजेंद्र सिंह खिंची ने कहा कि आज का दिन केवल एक महान नेता की स्मृति नहीं है बल्कि यह हमें समानता, न्याय और शिक्षा के मूल्यों की याद दिलाता है। डॉ. भीमराव आंबेडकर न केवल भारतीय संविधान के निर्माता थे बल्कि उन्होंने जीवन भर समाज के वंचित वर्गों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन हमें सिखाता है कि परिस्थितियां चाहे कैसी भी हो, अगर मन में लक्ष्य प्राप्त करने की जिद हो तो कोई भी बाधा हमें रोक नहीं सकती है। इस मौके पर पार्षद सुरेंद्र डिंगवाल, अनिल गर्ग, ज्योति मेहता, स्नेहलता गर्ग, मोहन लाल नारंग, कपिल खत्री, ज्ञान सिंह, बंत सिंह, पार्षद प्रतिनिधि योगी हंसराज, सौरभ मेहता , राजेंद्र आहुजा, सीएसआई सतपाल सैनी, एसआई महेश कुमार, कर्मचारी विजय ढाका, रमेश तोषामड़, नरेश राणा, पवन दरोगा और चंद्रभान समेत कई कर्मचारी मौजूद थे।

रोहन का नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में चयन

फतेहाबाद। द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब के बॉक्सर रोहन का अंडर-14 स्कूल नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में सिलेक्शन हुआ है। रोहन अब 22 से 27 अप्रैल को दिल्ली में होने वाली नेशनल चैम्पियनशिप में भाग लेगा। कोच प्रदीप सैनी ने बताया कि द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब के खिलाड़ी आए दिन नई नई उपलब्धियों के साथ अपने माता पिता व फतेहाबाद क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। रोहन को कोच ओलंपियन अर्जुन अवॉर्डी, डीएसपी जय भगवान, राजीव गोदारा, प्रदीप सैनी व प्रवीण कुमार ने बधाई दी।

ट्रैक्टर-ट्रॉली को साइड न देने पर फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ओढ़ा

गांव घुकांवाली में ट्रैक्टर साइड में करने को लेकर हुए झगड़े में गोलियां चल गई। सूचना मिलते ही ओढां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और 3 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। घुकांवाली निवासी बेअंत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शनिवार रात को करीब 10 बजे पूर्ण सिंह के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेहूं भरकर खेत से अपने घर आ रहा था। रास्ते में गोल चौक के पास नछतर सिंह अपना ट्रैक्टर लेकर खड़ा था। बेअंत सिंह ने जब नछतर सिंह को ट्रैक्टर साइड में करने के लिए कहा तो उसने तैश में आकर गाली गलौज करते हुए हाथापाई शुरू कर दी। फिर नछतर सिंह ने अपने बेटे जसप्रीत को फोन कर दिया। इसके बाद जसप्रीत व 2-3 अन्य युवक वहां पर आ गए। जसप्रीत ने आते ही चौक में पिस्तौल से फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना के बाद बेअंत व अन्य अपनी जान बचाकर घरों की ओर भाग गए। बेअंत सिंह ने बताया कि घटना के कुछ देर बाद जसप्रीत उर्फ जस्सा अपने साथियों के साथ उसके घर के सामने आ गया और अमनदीप व कुलवंत सिंह पर लोहे की रॉड और डंडो से हमला कर दिया।

ठेकेदार की लापरवाही का दंश झेल रहे कॉलोनीवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

- पार्षद व वार्डवासियों ने मुख्यमंत्री व बिजली मंत्री को भेजी शिकायत

न्यू हाऊसिंग बोर्ड व बाटा कॉलोनी के निवासी बिजली निगम के ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा भुगतने को मजबूर हैं। वार्ड नंबर 3 के पार्षद रमेश मेहता व वार्डवासियों ने बताया कि बिजली के नए पोल लगाने के नाम पर पिछले दो महीने से कॉलोनीवासियों को ठेकेदार ने परेशान कर रखा है। दिन में भरी दोपहर गर्मी में लाइट का कट लगा देता है और जगह-जगह मशीन से बर्मा चला कर पानी की पाइप लाइन तोड़ देता है। रविवार को फिर से ठेकेदार ने ट्रैक्टर से बर्मा चलाकर पानी की मेन सप्लाई की लाइन तोड़ दी, जिसके कारण न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और बाटा कॉलोनी के लोगों को पीने का पानी की सप्लाई नहीं मिल पाई। पाइपलाइन टूटने से गलियों में पानी भर गया, जिससे लोगों को आवागमन में खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। उन्होंने बताया कि ठेकेदार ने इससे पहले भी 8-10 बार ट्रैक्टर द्वारा गड्ढा खोदने की ड्रिल मशीन चला कर लोगों के लिए परेशानियां पैदा की है। उन्होंने बताया कि वार्डवासियों के मना करने के बाद भी अपनी मनमर्जी से बर्मा मशीन से पाइप लाइन को तोडक़र गर्मी के मौसम में लोगों को पेयजल सप्लाई से महरूम किया जा रहा है। पिछले महीने भी इस ठेकेदार की वजह से कॉलोनी वासियों को लगातार 1 महीने तक पीने के पानी की किल्लत झेलनी पड़ी थी। यही नहीं विद्युत पोल को अपनी मनपसंद जगह लगवाने के नाम पर ठेकेदार का सुपरवाइजर लोगों से 5 से 10 हजार रुपए नजराने की भी मांग कर रहा है।

ग्रामीण रूटों पर यात्रियों को परेशानी

पीएम रैली में फतेहाबाद से 167 बसें गईं हिसार

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हिसार एयरपोर्ट के उद्घाटन को लेकर हिसार में आयोजित पीएम नरेन्द्र मोदी की रैली में फतेहाबाद जिले से हजारों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और आमजन को ले जाने के लिए फतेहाबाद जिले से 165 बसें भेजी गई। इनमें 116 रोडवेज बसों के अलावा 49 बसें परिवहन समितियों की शामिल रही। इन बसों में सवार होकर सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाएं और बीजेपी कार्यकर्ता हिसार पहुंचे। बसों के हिसार जाने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सिरसा-हिसार जैसे मेन रूट पर भी देरी से बस मिल पाई। खासकर ग्रामीण रूटों पर लोग ज्यादा परेशान रहे। मंगलवार से परिवहन व्यवस्था बहाल होगी। जिले की 70 फीसदी से अधिक बसों के हिसार जाने से ग्रामीण रूटों के फेरे मिस रहे। बता दें कि पीएम की रैली में जाने को लेकर सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी महिलाओं के लिए 50 बसों की व्यवस्था की गई। इन बसों में पीने के पानी से लेकर पैकेट बंद भोजन का भी प्रबंध किया गया। 115 बसों में बीजेपी के कार्यकर्ताओं को भेजा गया।

देश-विदेश से पहुंचे श्रद्धालु, गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज ने दी बधाई

बाबा भूमणशाह महाराज के जन्मोत्सव पर कार्यक्रम

- कार्यक्रम का शुभारंभ श्री अखंड पाठ के भोग के साथ हुआ
- रक्तदान शिविर, चिकित्सा शिविर तथा रस्सा कस्सी मुकाबले का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

डेरा बाबा भूमणशाह में संत बाबा भूमणशाह महाराज का जन्मोत्सव श्रद्धा व उल्लास से मनाया जा रहा है। जन्मोत्सव पर होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए सोमवार को देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंचे। डेरा के गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज ने उदसीन संत बाबा भूमणशाह महाराज के जन्मोत्सव की श्रद्धालुओं को बधाई दी और उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर देश सेवा व समाजसेवा के लिए हमेशा तैयार रहने का आह्वान किया और बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर जयंती की श्रद्धालुओं को बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री अखंड पाठ के भोग के साथ हुआ और गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्म महाराज ने रक्तदान शिविर, चिकित्सा शिविर तथा रस्सा कस्सी मुकाबले का शुभारंभ किया। इन कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। डेरे के सेवक सचिव विनोद एडवोकेट ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को हर आवश्यक सुविधाएं मुहैया करवाई गई। जन्मोत्सव कार्यक्रम में अनेक राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सत्संग का श्रवण किया।

सिरसा। प्रवचन करते डेरा बाबा भूमणशाह के गद्दीनशीन बाबा ब्रहमदास महाराज व डेरा में पहुंचे श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि
सहेली
रोहतक, मंगलवार
15 अप्रैल 2025

यह कितनी बड़ी विडंबना है, हर क्षेत्र में अपनी मेधा शक्ति का लोहा मनवाती महिलाओं को इस आधुनिक युग में भी अपनी त्वचा के रंग को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां सुननी पड़ती हैं। उनके सम्मान पर आघात पहुंचाया जाता है। केरल की चीफ सेक्रेटरी शारदा मुरलीधरन के रंग पर की गई टिप्पणी, इस बात का ताजा उदाहरण है। सवाल यह है, रंगभेद का दंश स्त्रियां कब तक सहती रहेंगी, समाज इस संकीर्ण सोच से कैसे उबरेगा?

शारदा मुरलीधरन पर टिप्पणी

आज भी रंगभेद का दंश सह रही हैं स्त्रियां

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

इसे दुराग्रह कहें या दिशाहीन पुरातनपंथी सोच, गोरे-काले रंग को लेकर आज भी दुर्भावना भरी टिप्पणियां सुनने को मिल जाती हैं। सामाजिक और पारिवारिक परिवेश में बहू-बेटियों का सांवलेपन को खूबसूरती की कमी और गोरे रंग को सुंदरता से जोड़कर देखा जाना आम बात है। दुखद है कि पढ़ी-लिखी कामयाब महिलाएं भी स्किन कलर को लेकर कहे गए द्वेषपूर्ण-नकारात्मक शब्दों का सामना करती हैं। हाल ही में केरल की चीफ सेक्रेटरी शारदा मुरलीधरन ने फेसबुक पोस्ट पर रंगभेद पर अपनी बात शेयर करते हुए लिखा कि एक अनजान व्यक्ति ने उनके दफ्तर में उनके रंग को लेकर टिप्पणी की। शारदा मुरलीधरन ने फेसबुक पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'मेरे कामों की तुलना हमेशा मेरे पति से की जाती रही है। लेकिन अब एक टिप्पणी ऐसी भी सुनने को मिली, जिसमें मेरे काम-काज की तुलना के साथ ही मेरे रंग पर भी तंज किया गया।' गौरतलब है कि शारदा ने अपने पति के रिटायर होने के बाद यह पद संभाला है। शारदा ने लिखा, 'मैंने पचास साल से भी ज्यादा के अरसे से रंग गोरा न होने से सुंदरता में कमी देखने की सोच का सामना किया है। लोगों में फेयर स्किन टोन का क्रेज देखा है।' सोशल मीडिया पोस्ट में शारदा ने न केवल अपने रंग को लेकर समाज की सोच पर सवाल उठाए बल्कि अपने कालेपन पर गर्व होने की बात भी कही। चर्चा, चिंता और चिंतन का विषय बना, संकीर्ण सोच को सामने रखता यह मामला बहुत से पहलुओं पर सोचने को विवश करता है, सार्थक विमर्श की भी मांग करता है।

भेदभाव से जुड़ा पहलू

ध्यान देने वाली बात यह है कि सांवले रंग की वजह से भेदभाव का सामना करने के हालात, जेंडर डिसक्रिमिनेशन से भी जुड़े हैं। घर हो या दफ्तर, त्वचा के रंग की वजह दुर्भाव भरे शब्द आमतौर पर महिलाओं को ही सुनने को मिलते हैं। सांवली शक्ल के प्रति परायों में ही नहीं, अपनों में भी पूर्वाग्रह देखने को मिलता है। शादी-सगाई के समय तो बहुत हद तक स्किन कलर को लेकर कायम सोच स्पष्ट दिखती है। तकलीफदेह बात यह है कि काम-काजी संसार में भी कभी सराहना तो कभी बेहतर अवसर के रूप में गोरे चेहरों की ओर झुकाव दिख जाता है। जबकि यह भेदभाव सीधे-सीधे किसी स्त्री की योग्यता और क्षमता पर प्रश्न उठाने जैसा है। शारदा मुरलीधरन ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि उनकी परफॉर्मेंस की तुलना उनसे पहले उसी पोस्ट पर रहे व्यक्ति से की गई, जो उनके पति हैं और उनकी स्किन का कलर अलग है। लैंगिक पूर्वाग्रहों के चलते ही एक ऑफिसर के तौर पर उनकी परफॉर्मेंस पर बात कहने के बजाए, इस टिप्पणी में उनकी स्किन का रंग भी जुड़ गया। एक सफल-सशक्त स्त्री से जुड़ा यह मामला बताता है कि जेंडर डिसक्रिमिनेशन की जड़ें कितनी गहरी हैं।

आत्मसम्मान को ठेस

रंगभेद पर की गई टिप्पणियां सिर्फ शब्द भर नहीं होते। ऐसी बातें स्त्रियों की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं। गोरी त्वचा को लेकर कायम मोह और मनुहार का भाव, बहुत-सी बहू-बेटियों को बेवजह कमतरी के भाव की ओर धकेलता है। घरेलू मोर्चे पर गुणों की अनदेखी, तो पेशेवर फ्रंट पर काम-काज के मूल्यांकन पर भी चेहरे की रंगत से जुड़ी सोच हावी रहती है। वहीं सामाजिक-पारिवारिक माहौल में तो सांवलेपन को महिला ही नहीं, उसके पूरे परिवार की कमजोरी की तरह देखा जाता है। पक्के रंग वाली बहू को लेकर सहानुभूति जताई जाती है तो बेटी का रंग गोरा न होने पर अच्छा घरबार न मिलने की चिंता। लोगों को सहज-सी लगने वाली इन बातों और बर्ताव का महिलाओं के मन पर गहरा असर होता है। बड़ी होती बेटियां तो बहुत असहज महसूस करती हैं। त्वचा का रंग स्कूल-कॉलेज तक में उन्हें एक अलग खांचे में खड़ा करता है। इसी मनःस्थिति की बात शारदा ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में भी कही है कि 'जब मैं चार साल की थी तो मां से पूछा करती थी कि क्या वे मुझे अपनी कोख में दोबारा डाल सकती हैं और झक गोरा और सुंदर बनाकर निकाल सकती हैं?' असल में रंगभेद से जुड़ा बर्ताव इमोशनल-साइकोलॉजिकल फ्रंट पर भी हर आयुवर्ग की स्त्रियों को चोट पहुंचाता है। शिक्षा और आत्मनिर्भरता के बढ़ते आंकड़ों के बावजूद समाज के हर तबके में ही स्त्रियों का अपमान करने और उनके मन में अपराधबोध का भाव भरने का यह बर्ताव सचमुच दुर्भाग्यपूर्ण है।

उपहास का विषय क्यों

विडंबना ही है कि सदा से ही प्रकृति से मिले रंग-रूप को भी उपहास और अभद्र टिप्पणियां करने का विषय बनाया गया। समय के साथ बदलाव भी इस मोर्चे पर सब कुछ नहीं बदल पाए हैं। असल में इस फ्रंट पर मानसिकता बदले बिना बदलाव आना मुश्किल है। पक्के-सांवले रंग को लेकर दयनीय समझने के बजाए किसी महिला की काबिलियत और अच्छे बर्ताव को महत्व देने की सोच जरूरी है। संपूर्ण व्यक्तित्व को आंकने का भाव आवश्यक है। मेहनत से अर्जित की गई योग्यता के प्रति सम्मान के भाव को पोसना जरूरी है। आखिर कब तक स्किन कलर से जुड़ी सोच स्त्रियों की असहजता का कारण बनी रहेगी? पक्के रंग के कारण अपमान और उपहास वाले शब्द कब तक जीना दूभर करते रहेंगे? कुछ समय पहले राजस्थान के झालावाड़ जिले में शादी के बाद से ही पति द्वारा रंग को लेकर तंज करने और फब्तियां कसने के चलते पत्नी ने सुसाइड कर ली थी। समझना जरूरी है कि ऐसी घटनाओं के पीछे पीड़ा और तानों-उलाहनों की लंबी फेहरिस्त है। ऐसे में समग्र समाज की मानसिकता में बदलाव आए बिना यह भेदभाव नहीं रुक सकता। सांवली बेटी को लेकर सहजता तभी आएगी, जब सांवली बहू को स्वीकार करने में असहजता नहीं रहेगी।

बाजार ने भी दिया बढ़ावा

असल में रंगभेद की सोच सोशल सिस्टम में तो थी ही, इसे बाजार ने भी बढ़ावा दिया है। कितने ही प्रोडक्ट्स के विज्ञापन चेहरे को गोरा बनाकर सबको लुभाने, हर ओर छा जाने का भाव दिखाते रहे हैं। अफसोस कि खूबसूरत दिखने के लिए गोरे रंग को जरूरी बताने वाली मानसिकता की यह लड़ाई आज तक जारी है। चेहरे को निखारने से शुरू हुए उत्पादों का बाजार अब गोरा बनाने वाले प्रोडक्ट्स तक जा पहुंचा है। शादी-ब्याह से लेकर नौकरी पाने तक और आत्मविश्वासी दिखने से लेकर आत्मनिर्भर बनने तक। गोरा बनाने वाले अनगिनत उत्पादों के विज्ञापनों में बताया-समझाया जा रहा है कि गोरा रंग लगभग हर समस्या का हल है। अब रील्स वीडियोज में गोरा बनने के गुर बताकर लाखों व्यूज बटोरे जा रहे हैं। रंग निखारने का वादा और दावा करने वाले वीडियोज से सोशल मीडिया अटा पड़ा है। ऐसे में जरूरी है कि स्त्रियों में अपने-अपने रंग-रूप के प्रति स्वीकार्यता का भाव हो। परिवेश के तानों-उलाहनों की आत्मविश्वास के साथ अनदेखी करने और बाजार का खेल समझने की सोच को बल मिले। साथ स्वजन ही नहीं, अपरिचित लोग भी अपना नजरिया बदलें। समग्र समाज की सोच में बदलाव आए बिना, भेदभाव पोषित करने वाली इस मानसिकता से नहीं निकला जा सकता है।

शादी से पहले पार्टनर के साथ क्लीयर कर लें करियर से जुड़ी बातें

आज हर लड़की अपना करियर बनाना चाहती है। लेकिन शादी के बाद करियर में बहुत सी बाधाएं आती हैं, यहां तक कि कई बार करियर बनाने का इरादा छोड़ना पड़ता है। ऐसा न हो, इसलिए अपने भावी जीवनसाथी से शादी से पहले ही खुलकर बात कर लें।

एडवाइस

नम्रता नदीम

एमबीए कर चुकी नेहा की शादी एक संपन्न परिवार में हुई थी। शादी के बाद हंसी-खुशी कुछ माह बीत गए। नेहा का पति एक बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी में उच्च पद पर कार्यरत था। नेहा को जब घर बैठे बोरियत होने लगी तो उसने जॉब्स के लिए इच्छा जताई और कई कंपनियों में अप्लाई कर दिया। ऐसा करना था कि पति नाराज रहने लगे। उन्हें यह पसंद नहीं था कि उनकी पत्नी जॉब करे। उनका कहना था, जब वह अच्छी-खासी कमाई कर रहे हैं, वह और उनका परिवार इस कमाई से संतुष्ट है तो नेहा कमाने के लिए घर से बाहर क्यों निकले? घर में इस बात पर दोनों में तकरार होने लगी। एक दिन ऐसा भी आया, जब नेहा को भी एक बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी में बहुत अच्छी सैलरी पर जॉब मिल गई। पति ने इस बात का कड़ा विरोध किया। अंततः नेहा ससुराल से मायके आकर रहने लगी। इस तरह पत्नी के सपने पति पर भारी पड़े, दोनों के रिश्ते टूटने की कगार पर पहुंच गए। इसलिए जरूरी है, जब भी कोई लड़की वैवाहिक बंधन में बंधने वाली हो तो उसे पहले ही मंगेतर से अपने करियर को लेकर बातें क्लीयर कर लेनी चाहिए।

रिश्ते में बंधने से पहले: अगर आप किसी रिश्ते में जुड़ने जा रही हैं तो पहले ही भावी जीवनसाथी से यह जान लें कि आपको लेकर उसकी क्या अपेक्षाएं हैं? आपके करियर को लेकर उसकी क्या सोच है? अगर आपका पार्टनर अपने सपनों की उड़ान तो बहुत ऊंची भरना चाहता है, लेकिन आपके करियर को कोई महत्व नहीं देना चाहता और आप हैं कि जीवन में बहुत आगे बढ़ना चाहती हैं, आत्मनिर्भर रहना चाहती हैं तो यह जान लें, उसके साथ वैवाहिक बंधन में बंधकर आपके सपने पूरे नहीं हो पाएंगे। कहने का आशय यह है, आप दोनों एक-दूसरे की महत्वाकांक्षाओं को कितना महत्व देंगे, इस बात की पुष्टि शादी से पहले ही कर लें। अगर आप जॉब करने की इच्छुक हैं तो पहले से ही भावी जीवनसाथी ही नहीं, उसके परिवार के सदस्यों से भी खुलकर बात कर लें। यदि आपको लगता है कि आगे जॉब करने की इजाजत नहीं होगी तो ऐसे रिश्ते को एक्सेप्ट करना सही नहीं होगा।

हो बैटर अंडरस्टैंडिंग

अगर पति-पत्नी दोनों के बीच आपसी प्यार है, अच्छी अंडरस्टैंडिंग है तो दोनों ही एक-दूसरे के सपनों को महत्व देंगे। इन्हें पूरा होने में बाधक नहीं बनेंगे। एक-दूसरे की बेहतरी के लिए जो भी अच्छा हो सकता है, करेंगे। महत्वाकांक्षी पति-पत्नी को एक-दूसरे के सपनों की मंजिल पाने में मदद के लिए तैयार रहना चाहिए।

स्वार्थी न बनें: यह सच है कि हर किसी को अपने सपने पूरे करने का हक है, लेकिन इन्हें ऊपर रखते हुए अपने साथी की जरूरतों को नजरअंदाज करना भी सही नहीं है। अपना करियर जरूर संवारें, लेकिन ऐसा न हो कि आपके एंबीशन इतने ज्यादा हों कि आप और आपके पार्टनर के बीच कोई तालमेल न हो सके। अपने सपनों की उड़ान में आप उसके सपनों को पूरा करने में कितनी सहायक हो सकती हैं, इसके बारे में जरूर सोचें, क्योंकि करियर को लेकर दोनों के बीच तालमेल स्थापित होना जरूरी है।

हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

उलझे बालों की समस्या दूर कर देंगे ये हेयर मास्क

किसी फंक्शन या पार्टी में जाने के लिए, आप अपने बालों में तरह-तरह के प्रोडक्ट्स और टूल्स का इस्तेमाल करती हैं। इससे आपके बालों की लेयरिंग खराब हो जाती है। वो डल और बेजान दिखने लगते हैं। इस वजह से कई बारे बाल उलझ भी जाते हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए आप हेयर मास्क का यूज कर सकती हैं, जो आपके बालों को मुलायम और सुलझा हुआ बना देंगे।

नारियल दूध-शहद का मास्क: बालों को उलझने से बचाने के लिए नारियल का दूध और शहद का मास्क बहुत यूजफुल है। इसे बालों पर लगा कर आधे घंटे के लिए छोड़ दें। बाद में सिर को ताजे सामान्य पानी से धो डालें। नारियल का दूध बालों की डीप हाइड्रेशन करता है, जबकि शहद बालों में नमी को बनाए रखता है, जिससे बाल मजबूत और मुलायम रहते हैं और आपस में उलझते नहीं हैं। इसे बनाने के लिए कांच के कटोरे में एक चम्मच नारियल तेल और एक चम्मच शहद का मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को गैस पर हल्की आंच पर तब तक गर्म करें, जब तक यह पूरी तरह पिघल न जाए। जब यह मिश्रण ठंडा हो जाए तो इसमें एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें डाल दें। अब इस मिश्रण को गीले बालों पर लगा लीजिए। आप इसे ड्राई बालों पर भी लगा सकती हैं। ड्राई, फ्रीजी बालों पर अच्छी तरह लगाने के बाद बालों को कैप से ढंक लीजिए और 45 मिनट तक लगा रहने दीजिए। आप चाहें तो बालों का जूड़ा भी बना सकती हैं। 45 मिनट बाद बालों को शैंपू से धो लें।

एवोकाडो-नारियल तेल मास्क: एवोकाडो और नारियल तेल का हेयर मास्क भी बालों को उलझने से बचाता है। इसे बनाने के लिए एक पके एवोकाडो को ग्लास बॉउल में मैश कर लें। इसमें दो-तीन बूंदें नारियल तेल डालकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को अपनी अंगुलियों के माध्यम से बालों और स्कैल्प पर धीरे-धीरे लगाएं। बाद में बालों को धो डालें। एवोकाडो बालों को नमी और पोषण प्रदान करता है।

एवोकाडो-ऑलिव ऑयल मास्क: एवोकाडो और ऑलिव ऑयल हेयर मास्क बनाने के लिए एक एवोकाडो को अच्छी तरह मैश कर लें। इसमें 1/4 कप ऑलिव ऑयल और एक चम्मच नीबू का रस मिला लें। इसे शुष्क बालों पर जड़ों से ऊपर की ओर लगाएं और आधे घंटे बाद ताजे साफ पानी से धो डालें। नीबू में एंटीफंगल गुणों की वजह से बालों में यह पैक डेंड्रफ को कंट्रोल करता है। एवोकाडो से आपके बालों को भरपूर पोषण मिलता है और बाल आपस में उलझते भी नहीं हैं।

आज अधिकांश कपल्स वर्किंग हैं, उनके सामने अपने बच्चों की परवरिश की समस्या रहती है। ऐसे में घर के बुजुर्ग बच्चों की परवरिश हंसी-खुशी कर रहे हैं। इन्हें ही नहीं, बच्चों को भी अपने दादा-दादी या नाना-नानी के साथ का सुख मिल रहा है।

ग्रैंड पैरेंट्स के साए में बच्चे

परवरिश

नम्रता

बढ़ते एकल परिवारों की मजबूरी के चलते दादा-दादी, नाना-नानी कहीं पीछे ही छूट गए हैं। लेकिन अब पति-पत्नी दोनों के काम-काजी होने के कारण दिनभर उनकी अनुपस्थिति में बच्चों के अकेलेपन को दूर करने और बेहतर परवरिश के लिए काम-काजी पति-पत्नी फिर से उन्हें दादा-दादी, नाना-नानी के साए में पालना सही समझते हैं। सिंगल पैरेंटिंग, तलाक के बाद एक पार्टनर का अलग होकर शादी करना, दोनों का अलग होकर फिर से शादी करना, करियर में व्यस्तता और भी इसी तरह के तमाम कारणों से कई परिवारों में दादा-दादी और नाना-नानी बच्चों के लालन-पालन की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

एंज्वॉय करते हुए बच्चों की परवरिश: वंशिका पति से अलगाव के बाद अपने मायके में रहने के लिए आ गई। कोर्ट में तलाक का मुकदमा चल रहा है। वंशिका स्वयं वर्किंग है। उसके पिता उच्च पदस्थ सरकारी कर्मचारी रहे हैं। रिटायरमेंट के बाद वह और उनकी पत्नी वंशिका की बेटी को पालने की जिम्मेदारी उठा रहे हैं। 58 वर्षीय उनकी मां कहती हैं, 'मैं अपनी धेवती को लेकर शाम को जब पार्क जाती हूं तो मेरी ही तरह की और कई ऐसी महिलाएं हैं, जो गांव-कस्बे से अपने घर को छोड़कर अपने पोते-पोतियों की परवरिश कर रही हैं। उनके साथ हमारी गपशप होती है, हमने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया हुआ है। सुबह बच्चों को स्कूल भेजने के बाद हम लोग पार्क में आते हैं, तब तक बेटी और दामाद तैयार होकर दोपहर का खाना बनाकर ऑफिस चले जाते हैं। सुबह के समय ही हम घर से बाहर निकल पाते हैं। यहां हम लोगों से मिल-जुलकर खुश होते हैं। हमारी वॉक भी हो जाती है और हमें भी यह अहसास होता है, रिटायरमेंट के बाद हम खाली नहीं बैठे हैं। हमारा भी समय बच्ची के साथ हंसते-खेलते गुजर जाता है, बोरियत नहीं होती।'

बच्चे सीख रहे हैं बहुत कुछ: दादा-दादी, नाना-नानी की परवरिश में पलने वाले बच्चे अब उनके सान्निध्य में जिंदगी से जुड़े बहुत से खेल और काम सीखते हैं। उनको भी इनका साथ अच्छा लगता है। मुंबई में रह रही मिसेज अरोड़ा अपनी पोती को खाना बनाना सिखा रही हैं, सिलाई, बुनाई और कढ़ाई में पारंगत मिसेज अरोड़ा के ये पुराने शौक, जिन्हें उन्होंने अपने बच्चे पालने की व्यस्तता में बिसरा दिया था, अपनी पोती के बहाने उनके ये शौक फिर से नए रूप में सामने आ रहे हैं। मिसेज अरोड़ा कहती हैं, 'हमारे रिश्तेदार अकसर हमें इस बात का ताना देते हैं कि हमारी बहू अपने बच्चे की परवरिश के लिए हमें अपने शहर से दूर मुंबई ले गए हैं। लेकिन हम ऐसा नहीं मानते। हम पति-पत्नी को यह लगता है कि हम कोई उन पर एहसान नहीं कर रहे। न इसके लिए हम अपनी सेहत की कुर्बानी दे रहे हैं बल्कि बच्चों के साथ हमारा समय कैसे कट जाता है, हमें पता ही नहीं चलता। हमें इससे असीम सुख की अनुभूति होती है।'

बच्चों के लिए एक बड़ा सुरक्षा कवच: मजबूरीवश ही सही सोशल मीडिया के इस दौर में आज दादा-दादी, नाना-नानी जैसे रिश्ते, जो पिछले कुछ सालों से हाशिए पर चले गए थे, उनकी इस जनरेशन ने अब कीमत पहचानी है। हमारे बुजुर्ग, हमारे बच्चों के दादा-दादी या नाना-नानी उनके लिए जो कुछ भी कर रहे हैं, वह करना आसान नहीं है। बच्चों को क्रेच में छोड़ने या मेड के भरोसे रखना सही नहीं है। हमारे माता-पिता के साथ बच्चों का रक्त संबंध है, बच्चों को भी अच्छा लगता है और हमारे माता-पिता भी हमारे साथ रहते हैं। दादा-दादी, नाना-नानी हमारे परिवार का एक मजबूत आधार और बच्चों के लिए एक बड़ा सुरक्षा कवच हैं।

डाइट सजेशन

अंजू जैन

आमतौर पर होम मेकर्स अपनी हेल्थ-डाइट का ध्यान नहीं रखती हैं। हेल्दी, रहने के लिए उन्हें भरपूर न्यूट्रिएंट्स की जरूरत होती है। कैसी होनी चाहिए आपकी डाइट इस बारे में आपके लिए यूजफुल सजेशंस।

होम मेकर्स के लिए परफेक्ट डाइट प्लान

अधिकतर महिलाएं हमेशा घर के दूसरे सदस्यों की जरूरतें पूरी करने में ही जुटी रहती हैं। अपने खान-पान पर जरूरी ध्यान नहीं देती हैं। उन्हें कोई अपना ध्यान रखने के लिए कह भी दे, तो उनका जवाब कुछ ऐसा होता है, 'अरे हमें कौन सी भाग-दौड़ करनी पड़ती है, दिन भर घर में ही तो रहना है। कुछ भी खा लेंगे, कभी भी खा लेंगे।' लेकिन ऐसी सोच हेल्थ के लिए सही नहीं होती है।

नॉन स्टॉप काम: आमतौर पर होम मेकर्स को पुरुषों से भी ज्यादा देर तक काम करना पड़ता है। पुरुष भले ही घर से बाहर 8-10 घंटे काम करते हों लेकिन होम मेकर्स को तो राउंड दी क्लॉक यानी 16 से 18 घंटे ऑन ड्यूटी रहना पड़ता है। वर्किंग पुरुषों को शनिवार, रविवार, त्योहारों पर अवकाश तो मिल जाता है, लेकिन होम मेकर्स को तो 365 दिन काम में लगे रहना पड़ता है। ऐसे में होम मेकर्स को अपनी डाइट का विशेष ध्यान रखना चाहिए। यह न सिर्फ आपकी हेल्थ के लिए जरूरी है बल्कि घर के दूसरे सदस्यों के लिए भी फायदेमंद है, क्योंकि आप फिट रहेंगी, तभी तो उनकी बेहतर देखभाल कर पाएंगी। इस लिहाज से घर के पुरुष सदस्यों को भी होम मेकर्स की डाइट के प्रति विशेष रूप से कॉन्शस रहना चाहिए।

कैसी हो डाइट: होम मेकर्स की डाइट कैसी हो, इस बारे में बता रहे हैं।

- 10-12 गिलास पानी हर रोज पिएं। सॉफ्ट ड्रिंक या मीठे शरबत के बजाए सादा पानी ही सर्वोत्तम होता है। ताजा फलों का रस और छाछ आदि पी सकती हैं। खाने से तुरंत पहले या तुरंत बाद ज्यादा पानी न पिएं। इसमें 30-45 मिनट का अंतर रखें। खाना खाते ही पानी पीने से पाचक रस का असर खत्म हो जाता है। पाचन में दिक्कत आती है।
- सुबह सवेरे कई तरह के काम रहते हैं, इसलिए शांति से बैठकर नाश्ता करने की फुरसत नहीं मिलती। ऐसे में भूखे पेट रहना ठीक नहीं। आपको कुछ ड्राई फ्रूट्स (जैसे भीगे हुए बादाम) खा लेने चाहिए। सेब, केला, अमरूद या चीकू भी सुबह के नाश्ते के लिए अच्छे विकल्प हैं।

- अंकुरित अनाज या भीगी हुई दाल से कुछ पौष्टिक आहार बना सकती हैं।
- घर में कुछ तरह की चटनियां आपको हमेशा रखनी चाहिए। स्वाद और सुविधा के मुताबिक आप नारियल, इमली, धनिया, पुदीना, करौंदा, कच्चे आम आदि की चटनियां बना सकती हैं। ये भोजन में रुचि जगा कर स्वाद तो बढ़ाती ही हैं, इनमें एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं।
- हर रोज सलाद जरूर खाएं। मौसम और उपलब्धता के अनुसार टमाटर, प्याज, खीरा, गाजर, चुकंदर, लेट्यूस आदि का सलाद बना सकती हैं। इनमें घुलनशील फाइबर, विटामिन और मिनरल्स होते हैं, जो आपके लिए सेहतमंद होते हैं। साथ ही इनसे पेट जल्दी भरता है, इसलिए आप ज्यादा खाने से बच जाती हैं।
- प्रतिदिन वर्कआउट जरूर करें। मॉर्निंग या ईवनिंग वॉक, स्विमिंग, डांस, योगा, एरोबिक्स, कुछ न कुछ जरूर अपनाएं।
- बेकरी आइटम्स, ऑयली फूड्स से बचें।
- रात को हमेशा समय पर सोएं। कम से कम सात घंटे की नींद जरूर लें। दोपहर में भी थोड़ा-सा समय निकालकर 30-45 मिनट की झपकी जरूर लें।
- चोकरयुक्त आटे की रोटी खाएं, इससे पर्याप्त फाइबर मिलेगा।

(डाइटीशियन-न्यूट्रीशनिस्ट निधि शुक्ला पांडेय और डाइटिशियन पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)

खबर संक्षेप

डेयरी से नकदी और हजारों का सामान चोरी

सिरसा। जिला के गांव फग्गू में रोड़ी रोड पर स्थित डेयरी से चोर हजारों रुपए का सामान व 600-700 रुपए की नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में डेयरी संचालक गांव फग्गू भलविंद्र सिंह ने बताया कि उसकी रोड़ी रोड पर दंदीवाल डेयरी के नाम से दुकान है। उसने बताया कि बीती 14 अप्रेल की शाम को वह डेयरी बंद कर घर चला गया। देर रात्रि को चोरों ने डेयरी के शटर के ताले तोडक़र गल्ले से 600-700 रुपए की नकदी, एक दूध की फैट निकालने वाली मशीन, 130 किलो घी सहित कुछ अन्य सामान चोरी कर ले गया। सुबह जब वह डेयरी पर आया तो शटर खुला पड़ा था। उसने अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। उसने सामान संभाला तो उपरोक्त सामान गायब था। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन सामान का कोई सुराग नहीं लगा।

बाबा साहेब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

सिरसा। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आप नेताओं ने अंबेडकर चौक पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिलाध्यक्ष हैप्पी रानियां ने कहा कि बाबा साहेब सिर्फ एक नेता नहीं थे, वो करोड़ो लोगों की उम्मीद थे जिन्हें समाज ने हाशिए पर धकेल दिया था। उन्होंने समाज के हर उस हिस्से के लिए लड़ाई लड़ी, जिसे दुनिया ने अनदेखा कर दिया था। बाबा साहेब का नारा था, शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। बाबा साहेब का यह नारा सामाजिक जागरूकता और अधिकारों की प्राप्ति का रास्ता दिखाता है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहेब ने कहा था कि वे केवल उस धर्म को मानता हैं जो स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा सिखाता है।

राजयोगिनी मोहिनी होगी संस्थान की मुख्य प्रशासिका

सिरसा। अंतरराष्ट्रीय संस्था ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सूचना दी है कि अब राजयोगिनी मोहिनी दीदी संस्थान की मुख्य प्रशासिका होगी। उल्लेखनीय है कि बीती बीती 7 अप्रेल को अंतरराष्ट्रीय संस्था ब्रह्माकुमारीज इश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी रत्नमोहिनी का 101 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। राजयोगिनी मोहिनी इससे पूर्व में संस्थान की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका रह चुकी हैं। इसके साथ ही राजयोगिनी जयंती दीदी एवं राजयोगिनी मुन्नी दीदी को भी अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका बनाया गया है।

अम्बेडकर जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

बरवाला। संविधान निर्माता एवं महान समाज सुधारक डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में भारत विकास परिषद, गायत्री शाखा बरवाला द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला, शिवपुरी-1 में एक विचारोत्तेजक कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाविप गायत्री शाखा बरवाला अध्यक्ष पवन शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम की व्यवस्था प्रकल्प प्रमुख मास्टर सतीश वर्मा एवं रिंकू गर्ग द्वारा की गई और कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्याध्यापक राजकीय प्राथमिक पाठशाला कल्लर भैणी कांशी राम ने की।

उप पुलिस अधीक्षक रमेश कुमार ने किया नेतृत्व

गांव जलालआना में पुलिस ने करवाई दौड़ प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढ़ा

पुलिस ने गांव जलालआना में युवाओं के लिए 800 और 400 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता करवाई। इस दौरान युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन के निर्देश और उप पुलिस अधीक्षक रमेश कुमार के नेतृत्व में हुआ। एसपीओ गुरजंट सिंह ने खिलाडियों को बताया कि नशा किसी भी रूप में हो, वह परिवार को बर्बाद कर देता है। शराब, चरस, गुटखा, सिगरेट, बीड़ी, खैनी जैसी चीजों का चलन बढ़ रहा है। अधिकतर अपराध नशे के कारण ही होते हैं। शुरुआत में युवा शौक के लिए नशा करते हैं, फिर धीरे-धीरे हेरोइन, अफीम, पोस्त जैसे जानलेवा नशों की गिरफ्त में आ जाते हैं। नशे की पूर्ति के लिए चोरी, स्नेचिंग, डकैती जैसे अपराध करने लगते हैं। इससे जीवन बर्बाद हो जाता है। उन्होंने कहा कि नशे से स्वास्थ्य और धन दोनों की हानि होती है। लाखों घर नशे की वजह से उजड़ चुके हैं। हमें नशे से शुरुआत में ही लडऩा चाहिए ताकि परिवार की खुशियां बची रहें। उन्होंने युवाओं को खेलों में रुचि लेने और गांव स्तर पर कबड्डी, क्रिकेट, वॉलीबॉल जैसे खेलों को बढ़ावा देने की सलाह दी।गुरजंट सिंह ने युवाओं को नशे के खिलाफ कमेटी बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा देश की शान हैं। उन्हें समाज और देशहित में काम करना चाहिए। गांवों में कमेटियां बनाकर प्रशासन का सहयोग करें।

आइकन ऑफ इंडिया-2025 में चमकी युवा प्रतिभा

सिरसा। विजेता को सम्मानित करते हुए आयोजक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

आहुजा प्रोडक्शन के तत्वावधान में आयोजित आइकन ऑफ इंडिया-2025 का शुभारंभ स्थानीय पंजाब पैलेस में हुआ। कार्यक्रम में मिस हरियाणा, हरियाणा और मिस्टर हरियाणा प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, जम्मू और दिल्ली के प्रतिभाशाली युवाओं और कलाकारों ने भाग लेकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि अमीर सत्या फाउंडेशन के चेयरमैन अमन लवली मोंगा और विशिष्ट अतिथि फिल्म अभिनेता आशीष बजाज रहे।कॉमेडी कलाकार चाची चतरों की उपस्थिति ने दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया। सर्वोत्तम और गरिमा को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपए नकद, ट्रॉफी, क्राउन, सैशे, सर्टिफिकेट और यूजिक वीडियो में कास्टिंग, द्वितीय स्थान साहिल कंबोज और खुशी कंबोज को मिला, जिन्हें 30 हजार रुपए नकद सहित सभी उपहार देकर सम्मानित किया गया। तृतीय स्थान अमन ज्योत और करुणा को मिला, जिन्हें 20 हजार रुपए नकद सहित उपहार देकर सम्मानित किया गया।

संदीप की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई

मजदूर के घर में चोरी के आरोपी को किया काबू, सामान बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भूना पुलिस की गिरफ्त में चोरीशुदा सामान सहित पकड़ा गया युवक।

भूना पुलिस ने राजस्थान गए एक मजदूर के घर से गहने, बर्तन व अन्य सामान चोरी करने के मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान विनोद उर्फ गोदी पुत्र सतबीर निवासी वार्ड नं. 9 भूना हाल गांव टिब्बी के रूप में हुई है। थाना भूना प्रभारी इंस्पैक्टर सुरेन्द्रा ने बताया कि इस बारे भूना पुलिस ने 9 अप्रैल को वार्ड नं. 14, नजदीक शांति निकेतन स्कूल, भूना निवासी संदीप की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह परिवार के साथ दो महीनों से मजदूरी का काम करने राजस्थान गया हुआ था। अब तक वह वापस घर आया तो उसने देखा कि उसके घर में चोरी हो गई थी और सामान बिखरा पड़ा था। चोर उसकी मकान से सोने-चांदी के गहनों के अलावा, फ्रिज, सिलाई मशीन, मोटर, पीतल के बर्तन, जूसर आदि सामान चोरी कर ले गए है। इस पर उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में भूना पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच अधिकारी एचसी कुलदीप सिंह ने आरोपी बारे अहम सुराग जुटाते हुए उसे टिब्बी बस स्टैण्ड से गिरफ्तार कर लिया।

ऑनलाइन डायरी को लेकर 17 को सामूहिक

सिरसा। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ व हसला ने सोमवार को जारी संयुक्त बयान में कहा कि सरकार व शिक्षा विभाग के अव्यवहारिक निर्णयों का सब संगठन मिलकर विरोध करेंगे। हाल ही में शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर टीचर डायरी लिखने के आदेश दिए गए हैं, जो कि पूरी तरह से अव्यवहारिक हैं व अध्यापकों को अधिक से अधिक समय तक शिक्षण के अतिरिक्त अन्य कामों में उलझाए रखने का षडय़ंत्र है, जिसके विरोध स्वरूप तीनों संगठन 17 अप्रैल को 3 बजे से 5 बजे तक लघु सचिवालय परिसर में विरोध प्रदर्शन करेंगे व जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

सुंदरकांड पाठ सहित श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम का समापन रविवार रात्रि को श्री सुंदरकांड पाठ के साथ हुआ। रात्रि करीब 7 बजे शुरू हुआ यह कार्यक्रम देर रात्रि दो बजे रसोई प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ। भजन गायक विजेंद्र चौहान ने अपनी विशिष्ट शैली में श्री सुंदरकांड पाठ का वाचन किया। जिसका हजारों श्रद्धालुओं ने श्रवण व वाचन किया। इससे पहले सायं सात बजे बालाजी महाराज की भव्य श्रृंगार आरती का आयोजन किया गया, जिसमें कृष्ण गुंबर, सुशील गुंबर व उनके परिजनों ने यजमान की भूमिका अदा की। सायं साढ़े 7 बजे ज्योतिप्रकाश गुप्ता, नीलकमल परिवार की ओर से सवामण लड्डू बालाजी को अर्पित किया गया। इसके अलावा दर्जनों श्रद्धालुओं की ओर से बालाजी के चरणों में सवामणि अर्पित की गई। प्रभु प्रेमी संघ सिरसा के उपप्रधान अशोक मोंगा, समाजसेवी राजेश मोंगा, सुशील झूंथरा की ओर से बालाजी का रसोई प्रसाद वितरित किया गया। श्री सालासरधाम मंदिर प्रबंधन कमेटी की ओर से चार दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में सहयोग करने वाले तमाम लोगों, संस्थाओं, व पुलिस का आभार व्यक्त किया गया है।

केबल चोर गिरोह ने कबूली दूसरी वारदात

पुलिस ने केबल जलाकर निकाला 31.300 किलो तांबा किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- गिरोह के पांच लोगों को किया काबू, पूछताछ जारी

जाखल पुलिस द्वारा खेतों में लगे ट्यूब्वैलों से केबल चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार 5 युवकों ने एक ओर चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात कबूली है। 7 अप्रैल को गांव शक्करपुरा में भी इन युवकों ने कई खेतों में केबल चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जाखल पुलिस ने इस मामले में भी इन पांचों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवकों की पहचान गांव म्योंद कलां निवासी सतबीर उर्फ पालाराम, बंसीलाल पुत्र फौजा राम, लक्ष्मण उर्फ लच्छु पुत्र कश्मीर राम, तलवाड़ी ढाणी निवासी जगसीर पुत्र काला राम व गांव शक्करपुरा निवासी मिट्ठू राम के रूप में हुई है। 4 युवक चोरी की वारदात को अंजाम देकर चुराई गई केबल को जगसीर को बेच देते थे जोकि इन्हें जलाकर तांबा निकालता था। म्योंद कलां में हुई चोरी के मामले में जाखल पुलिस ने जगसीर से केबल तार को जलाकर निकाले गए 31 किलो 300 ग्राम तांबे को बरामद कर लिया है। थाना जाखल प्रभारी एसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने 7 अप्रैल को गांव शक्करपुरा निवासी कश्मीर लाल की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार अज्ञात चोर उसके खेत में घुसकर मोटर की ग्रीप तोडक़र वहां से 150 फुट केबल चोरी कर ले गए है। इसके अलावा चोर उसके पड़ोसी अमरीक के खेत से 80 फुट, सुखचैन सिंह की दो मोटरों से 100 फुट के अलावा गुरदयाल, रघुबीर सिंह निवासी ढेर व ढेर ग्राम पंचायत की मोटर से केबल चोरी कर ले गए है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गत दिवस म्योंद कलां के खेतों से केबल चोरी के मामले में 5 लोगों को काबू किया था। पूछताछ में इन युवकों ने शक्करपुरा में भी चोरी को कबूल किया। पुलिस द्वारा युवकों से पूछताछ जारी है।

श्री चिन्मयानंद सरस्वती स्मृति महोत्सव पर लगाया भंडारा

- परिनिर्वाण दिवस पर भव्य शोभा यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

गुरुकृपा संकीर्तन और भजन संध्या का किया आयोजन

सिरसा। ब्रह्मलीन चिन्मयानन्द सरस्वती की स्मृति महोत्सव में भाग लेते श्रद्धालु।

ब्रह्मलीन चिन्मयानन्द सरस्वती की स्मृति में सोमवार को वार्षिक भंडारा लगाया गया। इस अवसर श्री चिन्मयकुटी भंडारा समिति ने स्मृति महोत्सव के तहत कई कार्यक्रम भी करवाए। दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन अखंड रामायण पाठ का आयोजन हुआ। संत समाज के लिए जलपान, भोजन एवं सायं के समय अल्पाहार का भंडारा लगाया गया। गुरुकृपा संकीर्तन एवम भजन संध्या का आयोजन हुआ। संत सूरदास महाराज एवं भगवद व्यास विद्याशरण ने पावन भजनों का गुणगान किया। परिनिर्वाण दिवस पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तरप्रदेश व उत्तराखंड से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभा यात्रा हरिपुर कलां के मुख्य बाजारों से होते हुए गुरु जी के समाधि स्थल पहुंची। जहां आयोजन समिति के संरक्षक कृष्ण बंसल एडवोकेट, प्रधान सुरेश सतनालीवाला, राजकुमार लालगढिय़ा, सतीश केडिया, केदार नाथ लालगढिय़ा अशोक गोयल सतनालीवाला, महेश फुटेला, कृष्ण तिवाड़ी, मानव बंसल, अश्विनी जिंदल सहित अन्य सेवकों ने भव्य आरती की। श्री चिन्मयकुटी संकीर्तन मंडली की प्रमुख मंजू गोयल की अगुवाई में गुरुकृपा संकीर्तन किया गया।

भाविप ने गोशाला में जाकर की सेवा

- धूमधाम से मनाया बैसाखी और बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

रतिया। बैसाखी और बलिदान दिवस पर गौसेवा करते भाविप सदस्य।

बैसाखी और बलिदान दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा रतिया के सदस्यों द्वारा श्री कृष्ण गौशाला में हरे चारे की सेवा की गई। परिषद के प्रेस सचिव प्रदीप बंसल ने बताया कि आज के दिन अमृतसर में जलियाँवाला बाग में निहत्थे भारतीयों को मारा गया। उस घटना को याद करके आज भी भारतीयों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं और आँखें नम हो जाती हैं। उन शहीदों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। उन शहीदों को याद करते हुए भारत विकास परिषद शाखा रतिया द्वारा श्री कृष्ण गौशाला रतिया में बलिदान दिवस मनाया गया एवं शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष राज कुमार सिंगला, संरक्षक डॉ. नरेश गोयल, वित्त सचिव सौरभ गोयल, वरिष्ठ सदस्य विपन बंसल उर्फ पिंटू, चरणजीत मलिक, प्रेम बंसल, गिरधारी लाल, धर्मवीर ललित, भगवान दास गोयल, अवतार धींगड़ा के अलावा श्री कृष्ण गोशाला कमेटी के प्रधान छिन्दरपाल दानेवालिया, चंदगी राम, सुभाष बंसल मौजूद रहे।

25 हजार रुपये की ठगी

पीड़ित राजेश की शिकायत पर पुलिस की कार्रवाई

एफडी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला बैंक सफाई कर्मी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस ने एसबीआई जीवन नगर में कार्यरत सफाई कर्मचारी को बैंक में एफडी करने के नाम पर 25 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में पकड़ा है। थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान अजय निवासी गांव बणी जिला सिरसा के रुप में हुई है। इस तरह से पीड़ित को एहसास हुआ की धोखाधड़ी का शिकार हो गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर रानियां थाना में धोखाधड़ी का उपयोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

इस प्रकार दिया अंजाम

उन्होंने बताया कि गांव बणी निवासी राजेश कुमार तहसील रानियां जिला सिरसा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसी के गांव का अजय कुमार एसबीआई, जीवन नगर में बतौर सफाई कर्मचारी नियुक्त है। पीड़ित व्यक्ति राजेश कुमार बीती 18 अक्तूबर 2023 को बैंक जीवन नगर में एफडी करवाने के लिए गया था। इसी दौरान अजय कुमार सफाई कर्मचारी बैंक में मिला और पीड़ित व्यक्ति से 25 हजार रूपए लेकर कहा कि आपकी एफडी हो गई है। उन्होंने बताया कि एफडी होने के बाद पीड़ित घर चला गया और शाम के समय अजय कुमार ने पीड़ित व्यक्ति को फोन किया कि आपकी एफडी दोबारा करनी पड़ेगी पैसे आपके खाते में वापस आ गए हैं, आप हमें ओटीपी नंबर बता दें। उन्होंने बताया कि पीड़ित के मोबाइल पर जैसे ही ओटीपी आया उसने अजय कुमार को अपना ओटीपी बता दिया उसके बाद अजय कुमार ने 25 हजार रूपए अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित ने यूनो एप के जरिए अपने खाते की बैंक डिटेल चैक की तो उसकी बैंक में न एफडी थी और न ही अकाउंट में पैसे थे।

बप्पां स्कूल में मनाई बाबा साहेब जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा। विद्यार्थी जागरुकता रैली निकालते हुए।

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां में सोमवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की गई। मुख्य वक्ता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी नरेश कुमार ग्रोवर ने कहा कि बाबा साहेब इस जहां की एक ऐसी महान विभूति थे, जिन्होंने सामाजिक समरसता, समानता एवं न्याय की स्थापना के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने न केवल दलितों और वंचितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया, बल्कि देश को एक सशक्त संविधान भी प्रदान किया, जो आज भी हमारे लोकतंत्र की रीढ़ है। ग्रोवर ने कहा कि उनके विचार आज भी युवाओं को प्रेरणा देते हैं और समाज में बदलाव लाने की शक्ति प्रदान करते हैं। एकदिवसीय कैंप के अंतर्गत में विद्यार्थियों ने भाषण, कविता पाठ, पोस्टर निर्माण एवं नाटक के माध्यम से बाबा साहब के जीवन एवं कार्यों को प्रस्तुत किया।

पुनियां ने नवगठित कार्यकारिणी को पदभार ग्रहण करवाया

देवेंद्र पुनिया ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल का रखा ब्यौरा

अल्फा रेजिडेंशियल सोसायटी के चुनाव संपन्न, विजय मेहता प्रधान, बाना बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद अल्फा रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी के चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए। इस चुनाव में विजय मेहता को प्रधान, डॉ. पृथ्वी सिंह बाना को सचिव व रितेश मुंजाल कोषाध्यक्ष चुने गए। नवचयनित कार्यकारिणी में नरेश झाझड़ा उपप्रधान, सुभाष कुमार सहसचिव, राम सिंह व महाबीर जांगडा को कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया। चुनाव अधिकारी अजय गिल्होत्रा एडवोकेट ने चुनाव परिणाम की घोषणा करते हुए कहा कि चूंकि सभी पदों पर एक-एक नामांकन ही आया इसलिए सभी पदाधिकारी निर्विरोध चयनित घोषित किए जाते हैं। इससे पहले निवर्तमान प्रधान देवेंद्र पुनिया ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल का ब्यौरा रखा और अपनी कार्यकारिणी का इस्तीफा जनरल बाडी में प्रस्तुत किया। पुनियां ने नवगठित कार्यकारिणी को पदभार ग्रहण करवाया और रिटर्निंग अधिकारी अजय गिल्होत्रा एडवोकेट ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई। पूर्व प्रधान गुरप्रीत सिंह रिटोल ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी।

फतेहाबाद। अल्फा रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी के चुने गए पदाधिकारी।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सतबीर सहारण, डॉ. के चौधरी, चंद्रभान मुजांल, नरेश मुजांल, योगेश मेहता एडवोकेट, संदीप रहेजा, सौरभ मेहता, श्योचंद, सीपी आहुजा, नंद किशोर एडवोकेट, संदीप आहुजा, मनजीत सिंह गिल, नवजोत कंग, सुखविन्द्र सिंह, राजीव सेतिया, तुषार एडवोकेट, डॉ. भगवान दास कंबोज, पुन्नु राम कंबोज, अजय सरदाना, भूप पुनियां, कुलदीप कस्वां, पृथ्वी काकड़, मा. विक्रमानंद, मा. राज सिंह, नरेन्द्र कुमार, हरजिंद्र सिंह, डॉ. विनोद शर्मा, पाला राम पुनियां, साहब राम, डॉ. देवा नंद, राकेश आहुजा, विजय बिश्नोई, अशोक जांगड़ा, डॉ. रमेश सेठी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

राजस्थान का युवक डोडा पोस्त सहित काबू

फतेहाबाद। जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने राजस्थान के एक युवक को कचरा डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान संजय कुमार पुत्र बलदेव राज निवासी ललावड़ी जिला अलवर, राजस्थान के रूप में हुई है। आरोपी के पास से 5 किलो 34 ग्राम कचरा डोडा पोस्त बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना शहर फतेहाबाद में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

विकलांग अधिकार मंच के सम्मेलन में मंथन

रतिया। विकलांग अधिकार मंच रतिया का तीसरा ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन बाबा नामदेव धर्मशाला में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता रतिया ब्लॉक सचिव पपल कुमार व मंच के सलाहकार राम गोपाल बलाना ने की। सम्मेलन का उद्घाटन राज्य कमेटी के महासचिव ऋषिकेश राजली ने किया। मंच संचालन ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला सहसचिव कर्मजीत सिंह पदम ने किया। मंच के राज्यध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार ने ब्लॉक रतिया के विभिन्न गांवों से सम्मेलन में पहुंचे विकलांगों का स्वागत किया।

अनुभवात्मक शिक्षा पर संगोष्ठी का आयोजन

फतेहाबाद। गांव खाराखेड़ी स्थित रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल में सीबीएसई के तत्वाधान में शिक्षकों के लिए अनुभवात्मक शिक्षा विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी में सीबीएसई की ओर से मुख्य प्रशिक्षक के तौर पर एनआईआईएलएम यूनिवर्सिटी से डॉ. संदीप और जेएनवी संगरूर से चेतन मोहन ने भाग लिया।

कार की टक्कर से महिला व बच्चा घायल

फतेहाबाद। गांव नाढोडी में घर के बाहर काम कर रही महिला व उसके बेटे को कार ने टक्कर दे मारी। हादसे में घायल मां-बेटा को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में भूना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में नया गांव निवासी महिला सविता ने कहा है कि गत दिवस वह अपने गांव नाढोडी आई हुई थी। इसी दौरान कार चालक ने उसे व उसके बेटे को टक्कर मार दी।

टोहाना से बाइक चोरी, केस दर्ज

फतेहाबाद। वाहन चोरों ने टोहाना शहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में प्रेम नगर, गांव सिम्बलवाला निवासी मोनू ने कहा है कि गत दिवस वह अपने स्पलैंडर मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से टोहाना आया था। उसने अपने बाइक मोटरसाइकिल को चडीगढ़ रोड पर रेलवे फाटक के पास खड़ा किया और सामान लेने बाजार चला गया।

युवक लापता, तलाश में जुटी पुलिस

फतेहाबाद। जिले के टोहाना क्षेत्र से एक युवक के लापता होने का समाचार है। इस बारे परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव लोहाखेड़ा निवासी रमेश सिंह ने कहा है कि उसका 24 साल का लडक़ा मलकीत सिंह उर्फ कुका गत दिवस सुबह करीब 11 बजे घर पर बिना बताए कहीं चला गया है और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा है।

अशोक नगर में मकान से सामान चोरी

फतेहाबाद। चोरों ने अशोक नगर में एक मकान से हजारों का सामान चोरी कर लिया। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अशोक नगर फतेहाबाद निवासी निशांत नारंग ने कहा है कि वह मुम्बई में जॉब करता है। अब जब वह वापस घर आया तो उसने देखा कि मकान में कमरों के दरवाजे टूटे हुए थे और सामान गायब मिला।

डॉ. अंबेडकर के विचारों से प्रेरणा लें आज के युवा: अनिल गढ़वाल

भोड़ियाखेड़ा में धूमधाम से मनाई गई डॉ. अम्बेडकर जयंती, सभा ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा बाबा साहेब की फोटो पर पुष्प अर्पित करके किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

गांव भोडिय़ाखेड़ा में डॉ. भीम राव अम्बेडकर सभा भोडिय़ाखेड़ा की तरफ से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पार्षद कमल नंबरदार, रमेश, बंटी बढ़वाल, हनुमान सिंह सोनी ब्लाक समिति मैम्बर मौजूद रहे। सभा के प्रधान रमेश बाड़ोटिया ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा बाबा साहेब की फोटो पर पुष्प अर्पित करके किया। इस अवसर पर सभा द्वारा विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों के अलावा ग्राम पंचायत को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच प्रतिनिधि अनिल गढ़वाल ने कहा कि जिसने हमें अधिकार दिए, सोचने की आजादी दी और समानता का रास्ता दिखाया, ऐसे महान व्यक्तित्व डॉ. भीमराव अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि देना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हर साल 14 अप्रैल को पूरा देश अंबेडकर जयंती मनाता है, जिसमें न सिर्फ बाबा साहेब के जन्मदिन बल्कि उनके विचारों और संघर्षों को भी याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेकर ने सदियों से चली आ रही गैर बराबरी, असमान्ता और छुआछूत जैसी अनेक कुप्रथाओं को समाप्त करने का काम किया।

फतेहाबाद। भोडिय़ाखेड़ा में डॉ. अम्बेडकर जयंती पर विद्यार्थियों को सम्मानित करते सभा सदस्य। फोटो: हरिभूमि

समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और प्रेरणादायक व्यक्तित्व

डॉ. अम्बेडकर सिर्फ संविधान निर्माता नहीं थे बल्कि वे एक समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और प्रेरणादायक व्यक्तित्व थे जिन्होंने हमें सोचने का नया नजरिया दिया। उनके विचार आज भी युवाओं को प्रेरित करते हैं कि वह शिक्षा, आत्मसम्मान और देशसेवा को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। इस अवसर पर मालूराम सचिव, सुखदेव, सुभाष, राजपाल, मदन लाल, सुनील कुमार, संदीप कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

संविधान की रक्षा करना बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि: सैलजा

सिरसा। सांसद कुमारी सैलजा ने सोमवार को डॉ. अंबेडकर जयंती पर अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धासुमन अर्पित किए और देशवासियों को अंबेडकर जयंती पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि हम बाबा साहेब द्वारा बनाए गए संविधान की रक्षा करें। यदि संविधान सुरक्षित रहेगा तो देश सुरक्षित रहेगा, देश के लोग सुरक्षित रहेंगे। पत्रकारों से बातचीत में सैलजा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमें संविधान, समानता, न्याय और स्वाभिमान का मार्ग दिखाया। संविधान में हर नागरिक को बराबरी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, धार्मिक स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय का अधिकार सुनिश्चित किया। इस मौके पर कालांवाली के विधायक शीशपाल केहरवाला, वीरभान मेहता, संदीप नेहरा एडवोकेट, मोहित शर्मा, राजेश चाडीवाल, लादूराम पूनिया आदि मौजूद थे। कुमारी सैलजा ने सभी को बाबा साहेब की जयंती पर बधाई दी।

सिरसा। भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए सांसद कुमारी सैलजा व अन्य नेतागण। फोटो: हरिभूमि

बाबा साहेब महान समाज सुधारक: तंवर

सिरसा। पूर्व सांसद व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक तंवर सोमवार को बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर जयंती पर डॉ. अंबेडकर चौक पहुंचे और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा सभी देशवासियों को अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दी। डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर महान व्यक्तित्व होने के साथ-साथ एक महान समाज सुधारक भी थे और सभी को उनके सपनों को साकार करने में अपना अहम योगदान देना चाहिए।

बाबा साहेब के दिखाएं रास्ते पर चलें

- राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने बाबा साहब को नमन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों से दीप्त, भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उन्होंने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर न केवल संविधान निर्माता थे, बल्कि एक महान समाज सुधारक, शिक्षाविद, और आर्थिक चिंतक भी थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का सपना था एक ऐसा भारत जहाँ सबको समान अधिकार मिले, चाहे वो किसी भी जाति, धर्म या वर्ग का हो। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलकर सामाजिक समानता, शिक्षा और संविधानिक मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लें। बाबा साहब का जीवन इस बात का प्रमाण है कि आत्मबल, विद्वता और दृढ़ संकल्प के बल पर कोई भी व्यक्ति समाज और राष्ट्र की दिशा बदल सकता है। बाबा साहब ने जिस समतामूलक समाज की परिकल्पना की थी, हम सबको मिलकर उसे साकार करना है।

फतेहाबाद। आंबेडकर जयंती पर केक काटते सांसद सुभाष बराला।

जलियांवाला बाग के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

- जनसंगठनों ने विचार गोष्ठी में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

13 अप्रैल 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जनसंगठनों द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी का आयोजन नागरिक अधिकार मंच, ज्ञान-विज्ञान समिति व शहीद भगत सिंह लाइब्रेरी के तत्वाधान में किया गया। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता संतकुमार टुटेजा ने की। गोष्ठी का आयोजन शहीद भगत सिंह लाइब्रेरी में किया गया। गोष्ठी में जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों व डॉक्टर अंबेडकर को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ब्रिटिश सरकार ने मार्च 1919 में सर सिडनी रौलट द्वारा बनाया गया कानून 'रौलट एक्ट' क्रांतिकारी गतिविधियों को दबाने, मौलिक अधिकारों का उल्लंघन, बिना वारंट व बिना तलाशी अनिश्चित समय के लिए हिरासत में रखना, प्रेस की स्वतंत्रता पर पाबंदी आदि के लिए बनाया गया था। इसका विरोध भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों व समाज के हर तबके ने किया। वक्ताओं ने रौलट एक्ट की तुलना आज के यूएपीए एक्ट से की जो कि अभिव्यक्ति की आजादी को दबाता है। इस काले कानून के तहत अनेक सामाजिक कार्यकर्ता को जेल में जाना पड़ा।

फतेहाबाद। सेमिनार को संबोधित करते मुख्य वक्ता। फोटो: हरिभूमि

साहित्य का महत्व बताया

वक्ताओं ने कहा कि आज युवाओं को लाइब्रेरी में जाने की जरूरत है, साहित्य पढने की जरूरत है। आज टेलीफोन की सुविधा ने युवाओं व बच्चों को बिगाड़ कर रख दिया है। आज देश के अंदर धर्मांधता व कट्टरता का दौर है। धर्मनिरपेक्षता व संविधान पर सीधा हमला है। देश को विभाजन करने के लिए बिना सिर पैर के मुद्दे उठाएं जा रहे हैं। देश में हिंदू मुस्लिम के नाम पर समाज गंगा जमुनी तहजीब को समाप्त किया जा रहा है जिसको बचाने के लिए हमारे शहीदों ने बलिदान दिए।

महिलाओं ने बाबा साहेब को श्रद्धा से याद किया

- अंबेडकर जयंती पर ग्रामीण अंचल में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सोमवार को भूना खंड के गांवों में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। हसंगा, जांडली कला सहित कई गांवों में कार्यक्रम हुए। लोगों ने बाबा साहेब को याद किया। उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

गांव हसंगा में आयोजित समारोह में मुख्यातिथि शमशेर सिंह दहिया और पूर्व सरपंच सुरेंद्र लांबा ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान निर्माण के साथ सामाजिक न्याय और समानता की नींव रखी। उनके रास्ते पर चलकर ही समाज आगे बढ़ सकता है।

कार्यक्रम में ब्लॉक समिति सदस्य प्रतिनिधि नरेश शर्मा, रिटायर्ड मुख्य अध्यापक मास्टर रामधारी निबराण और रमेश कुमार विशिष्ट अतिथि रहे। अध्यक्षता प्रधान सुखविंदर मेघवाल ने की। संचालन सरपंच वकील सहारण ने किया। इस मौके पर भाल सिंह इनखिया, साधुराम मेघवाल, छबील दास मेघवाल, सतबीर शर्मा, पूर्व पंच जगदीप वाल्मीकि, संजय सिंह, संतलाल मेघवाल, विनोद कुमार मेघवाल, कृष्ण कुमार, सतपाल शर्मा और प्रधान महेंद्र मंडा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

भूना। ग्रामीण आंचल में बाबा साहेब को याद करते ग्रामवासी। फोटो: हरिभूमि

अंबेडकर सभा ने भव्य झांकी निकाली

भूना शहर में डॉ. भीमराव अंबेडकर सभा ने भव्य झांकी निकाली। इसमें बाबा साहेब के जीवन दर्शन, संविधान निर्माण और सामाजिक संघर्षों को दर्शाया गया। नगरवासियों ने उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। सामाजिक समरसता का संदेश दिया। गांव जाण्डली कलां में भी विशेष आयोजन हुआ। यहां रक्तदान शिविर लगाया गया। सरपंच प्रतिनिधि विवेक भैरो ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्षों से भरा रहा। उन्होंने कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। वे आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा हैं।

जयंती पर हुई भाषण प्रतियोगिता

- डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर राजकीय आईटीआई में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोडिया खेड़ा में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। इस प्रतियोगिता में संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा कविताएं व भाषण द्वारा डॉ. बीआर अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। भाषण प्रतियोगिता में निशा व्यवसाय ड्रैस मेकिंग ने प्रथम, सोनिया व्यवसाय कोपा ने द्वितीय तथा सकीना व्यवसाय कोपा व पंकज कुमार व्यवसाय वायरमैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य रमेश कुमार ने संस्थान के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों व छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह 14 अप्रैल का दिन केवल एक महान नेता की स्मृति नहीं है बल्कि यह हमें समानता, न्याय और शिक्षा के मूल्यों की याद दिलाता है। डॉ. भीमराव अंबेडकर न केवल भारतीय संविधान के निर्माता थे बल्कि उन्होंने जीवनभर समाज के वंचित वर्गों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन हमें सिखाता है कि परिस्थितियां चाहे कैसी भी हो, अगर मन में लक्ष्य प्राप्त करने की जिद हो तो कोई भी बाधा हमें रोक नहीं सकती। कार्यक्रम के अंत में भाषण प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

फतेहाबाद। आईटीआई में भाषण प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

अंतरराज्यीय पशु चोर गिरफ्तार

- शामली जिले के उमर पुत्र फुरकान ने जिले में कई वारदातें करने की बात कबूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

पुलिस ने पशु चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। उत्तर प्रदेश के शामली जिले के उमर पुत्र फुरकान को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। उमर अंतरराज्यीय पशु चोर गिरोह का सक्रिय सदस्य है। पूछताछ में उसने भूना क्षेत्र में कई वारदातें कबूली हैं। इनमें टिब्बी बस स्टैंड, सत्यनारायण की खेत ढाणी और सांचला गांव से झोटा चोरी की घटनाएं शामिल हैं। थाना प्रभारी सुरेंद्र ने बताया कि यह गिरोह हरियाणा और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों से भैंसे और झोटे चुराता रहा है। रात के अंधेरे में खेतों और पशु बाड़ों से मवेशी चुराकर उन्हें उत्तर प्रदेश के बाजारों में बेच दिया जाता है। पुलिस को इस गिरोह की लंबे समय से तलाश थी। कई शिकायतों के बाद पुलिस ने इनकी गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू की थी। उमर की गिरफ्तारी से पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। इससे गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचने का रास्ता साफ हुआ है। अदालत से आरोपी का 5 दिन का रिमांड लिया गया है। पुलिस उसे उत्तर प्रदेश ले जाएगी। वहां से चोरी किए गए भैंसे और झोटे बरामद किए जाएंगे। पुलिस को उम्मीद है कि रिमांड के दौरान और भी खुलासे होंगे।

भूना। पुलिस गिरफ्त में पशु चोर गिरोह का सदस्य। फोटो: हरिभूमि

मवेशियों की बरामद करने में जुटी पुलिस

पूछताछ में यह भी सामने आया है कि गिरोह के अन्य सदस्य उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सक्रिय हैं। पुलिस ने उन स्थानों की पहचान शुरू कर दी है, जहां चोरी के मवेशी छिपाए या बेचे गए हैं। उमर की निशानदेही पर पुलिस जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी और मवेशियों की बरामदगी के लिए अभियान चलाएगी। ग्रामीणों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना की है। उनका कहना है कि पिछले कुछ महीनों से पशु चोरी की घटनाएं बढ़ गई थीं। इससे पशुपालक परेशान थे। अब पुलिस की सक्रियता से उन्हें राहत की उम्मीद है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अपने पशुओं की सुरक्षा के लिए उचित उपाय करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन को दें। पुलिस ने संकेत दिए हैं कि जल्द ही और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

खालसा पंथ की स्थापना दिवस पर पौधरोपण

बिना भेदभाव हो रहा सभी वर्गों का विकास

- बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने भाई कन्हैया पार्क में पौधारोपण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने बैसाखी व खालसा पंथ की स्थापना दिवस के मौके पर भाई कन्हैया पार्क में पौधारोपण किया। इस मौके पर ट्रस्ट सदस्यों ने पार्क में अनेक फूलदार, फलदार व छायादार पौधे लगाए, ताकि पार्क को हरा-भरा बनाया जा सके। इस मौके पर नरेंद्र रावत ने बताया कि 13 अप्रैल 1699 को श्रीगुरु गोबिंद सिंह ने आनंदपुर साहिब में पंज प्यारों को अमृतपान करवा कर खालसा पंथ की स्थापना की थी।

यह दिन सिख इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक है, जो साहस, बलिदान और आध्यात्मिकता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि उस समय समाज में जातिवाद, अंधविश्वास और धार्मिक उत्पीडऩ चरम पर था।

ऐसे समय में गुरु गोविंद सिंह ने जाति-पाति से ऊपर उठकर एक ऐसे समाज की रचना की। जिसकी पहचान उसके साहस, समर्पण और समानता के सिद्धांतों पर आधारित थी। उन्होंने बताया कि गुरुजी ने पांच अलग-अलग जातियों और स्थानों के पांच लोगों को अमृतपान कराकर पंच प्यारे बनाया और खालसा पंथ की नींव रखी। उन्होंने सिखों को पांच कक्के केश, कड़ा, कृपाण, कंघा और कच्छा धारण करने का आदेश दिया। साथ ही पुरुषों को सिंह और महिलाओं को कौर उपनाम धारण करने का निर्देश दिया।

इस मौके पर रणजीत सिंह टक्कर, डॉ. सुमित सैनी, डॉ. सतबीर कंबोज, प्रवीन, सुरेंद्र, सुखविंद्र शर्मा, पतराम सहित ट्रस्ट सदस्य मौजूद थे।

सिरसा। बैसाखी, खालसा पंथ के स्थापना दिवस पर पौधारोपण करते ट्रस्ट के सदस्य। फोटो: हरिभूमि